# शायद श्याम पिघल जाए भजन लिरिक्स

रोती आंखे रोने दे,
श्याम चरण को धोने दे,
गम आंसू में ढल जाए,
शायद श्याम पिघल जाए,
शायद श्याम पिघल जाये।bd।

---

ये मायत हम बच्चे है,
दु:ख सहने में कच्चे है,
समझे जो दिल की बातें,
रोना बस उसके आगे,
पत्थर दिल भी हिल जाये,
शायद श्याम पिघल जाये।bd।

---

गम जो हद से बढ़ जाए,
आंसू बनकर बह जाए,
जब कोई प्रेमी रोता है,
दर्द श्याम को होता है,
पता श्याम को चल जाये,
शायद श्याम पिघल जाये।bd।

---

श्याम के संमुख रोयेगा,
पाप तेरे ये धोयेगा,
रो रो जब थक जायेगा,
पल में काम बन जायेगा,
संकट सारे टल जाये,
शायद श्याम पिघल जाये।bd।

---

दौलत से ना रीझेगा,
आंसू से ही पसीजेगा,
'हर्ष' तू दर पे शीश झुका,
आंसू की सौगात चढ़ा,
भक्ति तेरी ढल जाये,
शायद श्याम पिघल जाये।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रोती आंखे रोने दे,
श्याम चरण को धोने दे,
गम आंसू में ढल जाए,
शायद श्याम पिघल जाए,
शायद श्याम पिघल जाये।bd।

Singer – Mukesh Bagda
Upload By – Ravi Agrawal
9301653989

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com